भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5142 का उत्तर

शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण

5142. श्री अरुण कुमार सागरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण कार्य गत कई वर्षों से बहुत धीमी गति से चल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ख) क्या शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के लिए मुख्य मार्ग हमेशा गंभीर यातायात जाम का सामना करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार रेलवे स्टेशन पर यातायात को सुगम बनाने के लिए विपरीत दिशा में एप्रोच रोड शुरू करने और उस ओर एक स्थायी टिकट कार्यालय भी बनाने का है ताकि दोनों सड़कों पर यातायात को सुगम बनाया जा सके;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा तैयार की गई रूपरेखा का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का विचार जनता द्वारा विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सीढ़ियों के उपयोग में सामना की जाने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए स्वचालित सीढ़ियां स्थापित करने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

mm

शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के संबंध में दिनांक 24.07.2019 को लोक सभा में श्री अरुण कुमार सागर के अतारांकित प्रश्न सं. 5142 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) रेलवे स्टेशन पर सुख-सुविधाओं में सुधार/आवर्धन निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है और इस संबंध में निर्माण कार्य आवश्यकता अनुसार किए जाते हैं जो पारस्परिक प्राथमिकता और धनराशि की उपलब्धता पर निर्भर करते हैं। शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर वॉशेबल एपरन का निर्माण, ऊपरी पैदल पुल पर छत, दूसरे प्रवेश द्वार का विकास द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षा कक्ष का नवीकरण, प्लेटफॉर्म संख्या 1 की सतह का निर्माण आदि जैसे बहुत से निर्माण कार्य पहले ही पूरे कर दिए गए हैं।

(ख) ट्रैफिक जाम पहुंच मार्ग के दोनों ओर मौजूदा दुकानों और घरों की वजह से है जो रेल परिसरों के बाहर है।

(ग) और (घ) रेलवे द्वारा रेल परिसरों के सामने दूसरे प्रवेश द्वार पहले ही विकसित कर दिए गए हैं जहां पहुंच मार्ग उपलब्ध हैं। इस समय, एक जनसाधारण टिकट सेवक (जेटीबीएस) टिकटिंग के लिए दूसरे प्रवेश द्वार पर उपलब्ध है।

(ङ) और (च) शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर 04 अदद एस्केलेटर और 02 अदद लिफ्टें लगाने के लिए प्रावधान कर दिया गया है।

******

mm